हरिभूमि
जबलपुर सोमवार 20 अक्टूबर 2025
epaper: www.haribhoomi.com

# छिंदवाड़ा भूमि





### धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का हुआ आगाज, चौक चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़, लोगों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

धनतेरस के साथ ही शनिवार से इस बार भी पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। धन और आरोग्य के देवता धन्वन्तरि के प्राकट्य पर्व पर प्रदेश के बाजारों में अरबों रूपए का धन बरसा। बाजार विशेषज्ञों की मानें इस बार हर सेटर में खासा रुझान दिखा। लोग पसंदीदा और जरूरत के सामानों की खरीदी की। खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन होने से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक उत्साह का माहौल है।

धनतेरस पर शहर में करोड़ों, अरबों रुपए तक तो तहसीलों में लाखों रूपए के कारोबार हुआ। सबसे ज्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और सराफा बाजार में नजर आई। कपड़ा, मिठाई, पटाखे, फर्नीचर समेत सजावटी सामान का बाजार भी गुलजार है। इस बार कंपनियों ने बड़े-बड़े ऑफर्स पेश किए हैं। इसका फायदा उपभोक्ता ने उठाया। कारोबारियों का कहना है, पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा कारोबार दिवाली पर होगा। आर्थिक बाजार विश्लेषक कहना है, सोना-चांदी के बढ़ते भाव रुके हैं। लोग इसमें ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी ज्यादा मांग दिखाई दी।



### चौराहों पर तैनात रही पुलिस, कहीं कहीं लगा जाम

धनतेरस पर शनिवार को चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रही। लेकिन कहीं कहीं लोगों की भीड़ अधिक होने की वजह से जाम की स्थिति बन गई। फिर भी पुलिस द्वारा यातायात को लेकर भी अच्छी व्यवस्थाएं बनाई गई है जिससे किसी भी प्रकार की दिक्कत लोगों को न हो सके। वहीं शहर के बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और सजावट का सामान खरीदने वालों का उत्साह देखने लायक था। दिन भर बाजारों में रौनक बनी रही और देर रात तक खरीदारी चलती रही, जिससे दुकानदारों में भी खुशी है।

**लोगों ने खरीदा:** धनतेरस पर लोगों ने मुख्य रूप से बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स (जैसे एलईडी टीवी, मोबाइल, वाशिंग मशीन), ऑटोमोबाइल (कार और बाइक), और सजावट का सामान जैसे दीये, झालर और रंगोली की सामग्री खरीदी।

**आर्थिक कारोबार:** धनतेरस के मौके पर कारोबार में भी तेजी देखी गई। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष ग्राहकों की आवाजाही अधिक थी, जो दुकानदारों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

**यातायात व्यवस्था:** बढ़ते ट्रैफिक और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने भी विशेष व्यवस्था की थी, जिसमें मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग और कुछ क्षेत्रों को 'नो-व्हीकल जोन' घोषित करना शामिल था।

### धनतेरस पर विधि विधान से हुई पूजा अर्चना

धनतेरस पर लोगों ने शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना की। शनिवार को प्रदोष काल शाम 5 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 20 मिनट तक पूजा की। वृषभ काल शाम 7 बजकर 16 मिनट से शुरू होकर 9 बजकर 11 मिनट तक रहा। पूजा मुहूर्त शाम 7 बजकर 16 मिनट से रात 9 बजकर 11 मिनट की गई।

### न्यूटन के सिरप पीड़ित परिवार ने कराई टेस्टिंग

## भोपाल की ड्रग टेस्टिंग लैब ने कोल्ड्रिफ सिरप को बताया अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जहरीले सिरप कोलड्रिफ को भोपाल की ड्रग टेस्टिंग लैब ने अमानक बताया है । शनिवार को ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन मध्य प्रदेश ने इसकी रिपोर्ट दी है । न्यूटन में सिरप से पीड़ति परिवार ने सिरप की जांच कराई है । इस परिवार के बेटे अदनान की सिरप पीने से मौत हो गई थी ।औषधी निरीक्षक को जांच के लिए परिवार ने आवेदन दिया था । सात सौ रुपए शुल्क अदा कर जांच कराई गई । श्रेसन कंपनी के कोलड्रिफ सिरप के बैच नंबर एसआर 13 की जांच की गई । इसकी जांच रिपोर्ट में मई 25 में इसका निर्माण होना बताया गया । अप्रेल 27 इसकी एक्सपायरी तिथी है । एनालिसिस के बाद अपने ओपिनियन में इसे ड्रग एंड कास्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत स्टेंडर्ड क्वालिटी का नहीं पाया गया । इसमें डीईजी की मात्रा ज्यादा पाई गई । जांचकर्ता एबी अठारे के हस्ताक्षर इस पर है ।

### 8 मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू लगातार दीन:दुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार आर्थिक सहायता कर रहे है। हर माह गंभीर रूप बीमार मरीजों को लाखों रूपये की सहायता ईलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। सहायता राशि मिलने पर मरीजों का महानगरों और छिंदवाड़ा में बेहतर ईलाज हो रहा है। लोग भी लगातार सांसद श्री साहू से सहायता राशि के लिए गुहार लगा रहे है। जिस पर वे गंभीरता से विचार कर लोगों को सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों ने लिया लाभ

### सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ, मिला मुफ्त इलाज और दवाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से प्रारंभ हुए "100 दिन सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य" अभियान के तहत शनिवार को ग्राम खैरी टोला, चौरई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह इस अभियान का 32वां शिविर था, जिसका आयोजन सांसद श्री विवेक 'बंटी' साहू के मार्गदर्शन में किया गया।शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार, परामर्श और दवाइयों का लाभ लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा हड्डी, आंख, दांत, हृदय, स्त्री एवं बाल रोग, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित कई बीमारियों की जांच की गई।

ज़रूरतमंद मरीजों को मुफ्त सर्जरी और दवाइयों की सुविधा भी प्रदान की गई।सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने बताया कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि गांव और ग्रामीण अंचलों के लोग भी बड़े अस्पतालों जैसी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा-संकल्प से प्रेरित होकर यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय ने बताया कि यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा भाव और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के आदर्शों को समर्पित है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हुई है और लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है।शिविर में कुल 548 मरीजों का परीक्षण किया गया — जिनमें पुरुष 261 और महिलाएं 287 शामिल थीं। इनमें से 2 मरीजों को आगे के उपचार हेतु रेफर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद श्री विवेक बंटी साहू, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर, रिजवान कुरैशी, राजू नरोटे, पप्पू ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद प्रकाश चौरसिया, अतरलाल वर्मा, श्यामराव पोरगड़े, अनिल उइके, अनमोल चौधरी, बंटू चौहान, शिवराम वर्मा, सादिक अली मीर, श्याम चौरसिया, श्यामलाल नामदेव, सुमित सराठे, राजवंश ठाकुर, दान सिंह चंद्रवंशी, डॉ. हरि राय, पत्रकार श्याम चौरसिया, ग्राम सरपंच, सचिव, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पर्यावरण जागरूकता पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वीर अमर शहीद स्वर्गीय श्री कबीर दास उईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता पर गत दिवस व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान संयोजक डॉ.शिवानी सोनी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण जागरूकता का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है, ताकि वह प्रकृति में आ रहे बदलाव को समझ सके। प्राकृतिक आपदाओं का मुख्य कारण पारिस्थितिक असंतुलन है। डॉ.कीर्ति डेहरिया द्वारा छात्र-छात्राओं को पौधारोपण कर उसका संरक्षण करने पर जोर दिया गया। श्री दुजारी बोसम द्वारा मुख्य जीव जंतु और वनस्पति का पारस्परिक संबंध समझाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ.नवीन कुमार चौरसिया द्वारा ग्लोबल वार्मिंग, प्लास्टिक प्रदूषण, ग्रीन हाउस गैस के विषय में बताया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ डॉ. नसरीन अंजुम खान, श्री अजीत गौतम, डॉ.मधुरी पुसे एवं स्वयंसेवक श्री गजानन विश्वकर्मा, सुश्री गीता खापरे, सुश्री सिद्धि खापरे, सुश्री मधुबाला ने पर्यावरण पर अपने विचार सांझा किए।

### जिले में अभी तक 1048.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1048.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1334 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसीलों में वर्षा नहीं हुई । उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 950.7, मोहखेड़ 997.9, तामिया में 1294.2, अमरवाड़ा 990.2, चौरई में 1038.8, हर्रई में 1452.9, बिछुआ में 990.4, परासिया में 787.3, जुन्नारदेव में 992.2, चांद में 1088.8 और उमरेठ में 1006.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### धनतेरस पर होती है आयुर्वेद के भगवान धनवंतरी की पूजा

**छिंदवाड़ा।** आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरी की जयंती पर आज विशेष पूजा अर्चना की गई एवं प्रकटोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग सिंगोड़ी के समस्त कर्मचारियों ने इस पावन अवसर पर आयुर्वेद विभाग के औषधालय भवन सिंगोड़ी में भगवान धन्वंतरी जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती की और उनके आयुर्वेद की दवाईयो के बारे में निरोग काया के बारे में जानकारी दी।

## ओवरहेड टैंकों की साफ-सफाई एवं विसंक्रमण का कार्य भी नियमित अंतराल पर करें: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की गहन समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड परासिया तथा छिंदवाड़ा के कार्यपालन यंत्री, सभी एसडीओ व उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने जल-प्रदाय योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग एवं कार्यों की गुणवत्ता को लेकर निर्देश जारी किए । कलेक्टर श्री नारायन ने सर्वप्रथम पेयजल कूपों का स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया कि बी.आई.एस. मानकों के अनुरूप सुरक्षित पेयजल ही जन-सामान्य को उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण नल-जल योजनाओं के लिये स्थापित ओवरहेड टैंकों की साफ-सफाई एवं विसंक्रमण का कार्य नियमित अंतराल पर करने के लिए निर्देशित दिया गया । जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, जिसमें विशेष रूप से पाइप लाइन बिछाने एवं संरचनाओं के निर्माण में तकनीकी विशिष्टीकरण का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया । कलेक्टर श्री नारायन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रभावी क्षेत्र-पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### सागर में आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

**छिन्दवाड़ा।** स्कूल शिक्षा विभाग लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार म.प्र. राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर तक सागर में किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, उज्जैन, जनजातीय कार्य विभाग, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के खिलाड़ियों, कोच मैनेजर व खेल प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को विधिवत संचालित करने के लिये लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल प्रतिनिधि के तौर पर पीएम श्री शासकीय एमएलबी स्कूल छिंदवाड़ा में कार्यरत क्रीड़ा प्रभारी श्री राकेश चौरसिया को फील्ड ऑफिसर नियुक्त किया गया था । 5 दिनों तक चली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संचालित व निर्विवादित संपन्न करने तथा पारदर्शिता के साथ मध्यप्रदेश दल के गठन करने में श्री चौरसिया द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अभूतपूर्व योगदान दिया गया। 17 से 21 दिसंबर 2025 तक सागर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश दल प्रतिनिधित्व करेगा।

## एतश कॉलेज के प्राचार्य एवं प्राध्यापक सम्मानित



**पांढुर्ना।** गत दिवस छिंदवाडा में एनआयटी फाउंडेशन के तत्वाधान में संपन्न दो दिवसी टेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला में एतश कॉलेज पांढुर्ना के प्राचार्य और प्राध्यापकों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उननत शिक्षण विधियों, डिजिटल शिक्षा उपकरणों और आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों से अवगराना था। कार्यशाला मे प्रतिभागियों को प्रभावी शिक्षण कौशल, कक्षा प्रबंधन और छात्रों की सहभागिता बढाने के उपयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एतश कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विवेक राउत ने इस मौके पर एनआयटी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

### सतपुड़ा एजूकेशन सोसाइटी की वार्षिक आम सभा संपन्न

**छिंदवाड़ा।** सतपुड़ा एजुकेशन सोसाइटी छिंदवाड़ा की वार्षिक आम सभा का आयोजन 17 अक्टूबर को सतपुड़ा लॉ कॉलेज छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। उक्त आमसभा में मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष श्री भजनलाल जी चोपड़े सतपुड़ा लॉ कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री नवनीत व्यास एस आई टी सी के अध्यक्ष श्री गोविंद चौरसिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ



समिति का वार्षिक प्रतिवेदन शासकीय अधिवक्ता एवं समिति के सचिव अजय पालीवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया । जिसमें सोसाइटी ,लॉ कॉलेज एवं एस आई टी सी की ऑडिट रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण आय व्यय का लेखा जोखा एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव आमसभा में पारित किए गए। एस आई टी सी की उपलब्धियां सचिव श्री योगेश पटेल द्वारा बताई गई। सभा में कॉलेज में अन्य पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंधित चर्चा की गई।आमसभा में समिति के आजीवन सदस्यगण उपस्थित रहे।सभा का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी के पूजन से हुआ । सभा का समापन स्नेह भोज के साथ संपन्न हुआ।

### पीएम श्री एवं महर्षि कॉलेज की टीमें पहुंची संभागीय योग प्रतियोगिता में

**पांढुर्ना।** स्थानीय पीएम श्री शा. साइंस कॉलेज में आज जिलास्तरीय योग (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शहनाज खान द्वारा शा. महाविद्यालय लोधिखेडा सोहन सिंह एवं राजपाल घोडे की उपस्थिति में हुआ।



इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस तथा पुरूष वर्ग में न्यू महर्षि विश्वामित्र कॉलेज पांढुर्ना विजेता रहा। इस आयोजन को सफलतापूर्वक कराने में खेल सहायक भोजराज कराले, बालकदास पाटिल तथा नयन सहारे महत्वपूर्ण योगदान रहा। विजेता एवं उपविजेता टीम को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र दिए गए। क्रिडा अधिकारी सुरज रामटेके द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इन्होंने बताया कि चयनित टीम आगामी 23 अक्तु 2025 को छिंदवाडा के पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस में होने जा रही संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभाग लेंगी।

### सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ,मिला मुफ्त इलाज और दवाइयां

**छिन्दवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 100 दिन सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य अभियान के तहत शनिवार को चौरई के ग्राम खैरी टोला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह इस अभियान का 32 वां शिविर था, जिसका शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपस्थित जनों को बताया कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि गांव और ग्रामीण अंचलों के लोग भी बड़े अस्पतालों जैसी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

### जल संवर्धन, पर्यावरण के विरुद्ध अपनाया जा रहा आचरण

## आंगनबाड़ी की बाउंड्रीवॉल तोड़ने कुएं को दफन करने के बाद हर्रा के पेड़ की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में ऐसा लगता है कि शासन प्रशासन के कोई नियम कानून शायद लागू नहीं होते। इस कारण अधिकारियों की मनमानी चरम पर है, उनकी लापरवाही के चलते मूलभूत सुविधाएं एवं आमजन से जुड़े मामलों में भी लापरवाही हर विभाग में साफ देखने मिलती है।

ऐसा ही एक उदाहरण पिछले दो वर्षों से सीम एम राईज स्कूल जो सांदीपनी स्कूल के नाम से जाने जाने लगा है। इसमें ठेकेदार एवं इससे संबंधित निर्माण एजेंसी ने इस स्कूल परिसर में हमेशा जन विरोधी काम एवं शासन के नियम कानून की अनदेखी करना इनका मूल उद्देश्य रहा है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण दे रहा है कि खेल परिसर के 100 छात्रों के लिए बना परिसर खेल मैदान पर इन्होंने प्राचार्य की मिली भगत के साथ सहायक के संरक्षण में यहां पर उदयीमान खिलाड़ियों को खेल से वंचित रखकर खेल प्रतिभाओं का खुला हनन ठेकेदार द्वारा किया गया।

इसका कोई विरोध नहीं होने के कारण इनका दिन प्रतिदिन हौसला बढ़ता गया और उन्होंने सार्वजनिक कुएं तक को दफन कर डाला इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं होना संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है।



# छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज को मिलेगा दीपावली का एक और उपहार

# सांसद के प्रयासों से अब मेडिकल कॉलेज का छात्र अमेरिका में भी कर सकेगा प्रैक्टिस

हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से महानगरों की तर्ज पर चिकित्सा क्षेत्र में छिन्दवाड़ा भी निरंतर विकास कर रहा है। उनकी पहल एवं प्रयासों से छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज से पास किया हुआ एमबीबीएस ग्रेजुएट विदेशी चिकित्सा स्नातकों के लिए शैक्षिक आयोग एग्जाम के लिए योग्य हो गया है। अर्थात यदि एमबीबीएस ग्रेजुएट छात्र विदेशी चिकित्सा स्नातकों के लिए शैक्षिक आयोग एग्जाम क्लियर कर जाता है तो वह अमेरिका में मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिए योग्य हो जाता है। यह इस संस्थान के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी मान्यता लेने के लिए प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज भी प्रयास कर रहे थे, लेकिन सांसद श्री साहू के प्रयायों का ही नतीजा है कि इसकी मान्यता सिर्फ छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज का ही मिली है। सांसद श्री साहू की पहल एवं प्रयासों से पूरे मध्यप्रदेश में



छिन्दवाड़ा चिकित्सा महाविद्यालय को पोस्ट ग्रेजुएट की सबसे अधिक 46 सीटें मिलेगी। सांसद के सवा साल के कार्यकाल में ही मेडिकल कॉलेज को एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त होगी। इसे जहां छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है वही यहां के निवासियों को अब बेहतर चिकित्सा सुविधा छिन्दवाड़ा में ही उपलब्ध हो सकेगी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई शुरू होने से यहां के युवाओं को मेडिकल शिक्षा के और भी अधिक अवसर मिलेंगे वहीं स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी नई मजबूती मिलेगी। हमारा क्षेत्र अब चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर होगा। सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश और प्रदेश के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। इसी मंशा के अनुरूप देश, प्रदेश और छिन्दवाड़ा में भी चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 70 करोड़

## सांसद के प्रयासों से छिन्दवाड़ा को मिल रहा महत्व

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा को लगातार महत्व मिल रहा है। सासंद श्री साहू ने पिछले दिनों दिल्ली प्रवास में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में पीजी की 50 सीटें बढ़ाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने मध्यप्रदेश में सबसे अधिक छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में 46 सीटें बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। इसके पूर्व सांसद के प्रयासों से ही मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा में एमबीबीएस की 50 मेडिकल की सीटें बढ़ी थी। मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ने के साथ ही यहा पर सुविधाओं मे भी सुविधाओं की बढ़ोतरी हो रही हैं। विदित हो कि पिछले दिनों छिन्दवाड़ा प्रवास पर आए उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल ने भी मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। सांसद श्री साहू ने छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में एमडी की सीटें स्वीकृत किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया है।

## सांसद के प्रयासों से अब छिन्दवाड़ा में होगी एमडी की पढ़ाई

उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज के विकास को लेकर निरंतर प्रयासरत सांसद बंटी विवेक साहू को अपने सवा वर्ष के कार्यकाल के दौरान ही एक ओर बड़ी उपलब्धि प्राप्त होगी। सांसद के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में अब एमडी की पढ़ाई भी हो सकेगी। छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में जल्द ही पीजी की 46 सीटें स्वीकृत हो रही है। जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख विभाग एमडी फिजियोलॉजी, एमडी-एमएस एनाटॉमी, एमडी पैथालॉजी, फार्माकोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, कम्यूनिटी मेडिसन, एमडी फारेन्सिक मेडिसिन/फारेन्सिक मेडिसिन एंड टाक्सीकोलॉजी, एमएस आर्थोपेडिक्स, एमडी एनास्थीसियोलॉजी, एमएस ओफस्ट्रेटिक्स एंड गायनोकोलॉजिस्ट, एमएस ईएनटी, एमएस जनरल सर्जरी शामिल है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ही छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हो रही है। सांसद श्री साहू के प्रयासों से ही पिछले सवा वर्षो से दोनों जिलों में निरंतर 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाकर हजारों मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से दोनों जिलों के जरूरतमंद मरीजों को निरंतर लाखों रूपयें की सहायता राशि प्रतिमाह उपलब्ध कराई जा रही है।

# वर्षों से निरंतर ग्रुप के माध्यम से धर्म से जोड़ने का किया जा रहा कार्य



हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा

श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रशांत चौहान जी के निजनवास ग्लैक्सी रेसीडेंसी छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,गौरब पटेल,चंचलेश मालवीय,गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू, विनय सानोडिया एवं समस्त वार्ड वासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है।

# जियो ओर जीने दो से गूंज उठी अहिंसा स्थली



जैन युवा फेडरेशन एवं पाठशाला के बच्चे प्रतिवर्ष पटाखों से राशि बचाकर जरूरतमंदों की सेवा कर उनके साथ दीपावली की खुशियां मनाते हैं। जिसकी पूरे देश में सराहना की जाती है जो अहिंसा प्रेमियों के लिए गर्व की बात है।21 को मनेगा महावीर निर्वाण महोत्सव -फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि सकल जैन समाज के साथ मुमुक्षु मंडल एवं फेडरेशन कल मंगलवार कार्तिक कृष्ण अमावस्या 21 अक्टूबर के शुभ दिन प्रातः की मंगल बेला पर 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का मंगलकारी निर्वाण महोत्सव मनाकर निर्वाण लाडू चढ़ावेगा।बंद रहेंगे पशुवधगृह - श्री वीर प्रभु के मंगलकारी निर्वाण महोत्सव की खुशी में 21 अक्टूबर को नगर के समस्त पशुवधगृह, मटन मार्केट एवं मांस मछली के दुकानें बंद रहेगी ताकि अहिंसा के प्रणेता तीर्थंकर महावीर भगवान के निर्वाण दिवस पर पूरे जिले में किसी भी जीव की हिंसा न हो, उक्त आदेश निगम कमिश्नर चंद्रप्रकाश राय द्वारा जारी किया गया है।

**छिंदवाड़ा।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन तीर्थंकर महावीर निर्वाण महोत्सव शुभ दीपावली पर सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाकर विगत 43 वर्षों से पटाखे रहित दीपावली मनाता है और उस राशि से जनहित के कार्य करता है।सर्वोदय अहिंसा अभियान का समर्थन करते हुए छिंदवाड़ा के वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थी ने भी पटाखे रहित दीपावली मनाने का संकल्प लिया और अहिंसा रैली निकाली।जिसका शुभारंभ श्री आदिनाथ जिनालय में महामंत्र श्री णमोकर के पाठ से हुआ पश्चात गोल गंज से सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक ने जिन शासन का मंगल ध्वज दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।इस अवसर पर पाठशाला संचालिका वर्षा पाटनी, भावना जैन, संस्कृति जैन, आरू कौशल सहित बड़ी संख्या ने विद्यार्थी अहिंसा रैली में सम्मिलित हुए और नगर वासियों को जीव रक्षा एवं अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया और वीतराग भवन पहुंचकर सभी ने जीव रक्षा का संकल्प लिया।आपको बता दें कि छिंदवाड़ा में

# संघ कार्यालय अमरवाड़ा में 50 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति



**अमरवाड़ा।** नगरपालिका अमरवाड़ा की प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विकास कार्यों की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई।जानकारी देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने बताया की ₹राष्ट्राय स्वाहा इदम् राष्ट्राय इदं न मम₹ के मंत्र पर राष्ट्रवाद एवं सामाजिक समरसता तथा व्यक्ति निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वार्ड क्रमांक 9 में स्थित सेवाभारती संघ कार्यालय अमरवाड़ा में 50 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाएंगे। संघ कार्यालय मे डोम टाइप शेड निर्माण कार्य, कार्यालय परिसर के चारों ओर बाउंड्रीबाल निर्माण कार्य, कार्यालय मैदान पर पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य, कार्यालय का नया सभाकक्ष निर्माण कराया जाएगा।स्टेडियम ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजन में होने वाली असुविधा को देखते हुए स्टेडियम ग्राउंड के मंच पर डोम टाइप शेड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है । बेसिक स्कूल के पास पूर्व में स्वीकृत किए गए मल्टीपरपज हॉल का निर्माण बारात घर के पास वार्ड 6 में कराया जाएगा ।

# सिंगोड़ी में बेसहारा रामू बाबा का समाजसेवियों ने किया अंतिम संस्कार



**सिंगोड़ी।** आज के दौर में जब अपने ही अपनों का साथ छोड़ देते हैं, उस समय पर कुछ ऐसे लोग भी हैं जो दूसरों के लिए देवदूत बन कर सामने आते हैं. सिंगोड़ी के कुछ समाजसेवियों ने मानवता की मिशाल पेश कर एक बेसहारा रामू बाबा का अंतिम संस्कार कर मानवता की मिशाल पेश की।रामू बाबा का अंतिम संस्कार सिंगोड़ी के पेंच नदी के तट पर किया गया। जहां पर लगभग 40-45 वर्षों से अकेले एक झोपड़ी में रह रहे रामू बाबा निवास करते थे और दो दिन पूर्व उनका निधन हो गया था। किंतु किसी को कोई जानकारी नहीं लगी जैसे ही ग्राम के कुछ समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को लगी तो तुरंत ही जनपद प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच योगेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीणों को सूचित किया और अंतिम संस्कार का प्रबंधन किया। ग्राम के सरपंच कपिल ठाकुर ,वरिष्ठ नागरिक परसादी पटेल और कैलाश साहू सहित अन्य लोगों ने भी व्यवस्था और बंदोबस्त में सहयोग किया। अंतिम संस्कार दोपहर 2:00 बजे पेंच नदी के तट पर किया गया। स्थानीय लोगों ने मानवीय दृष्टिकोण से रामू बाबा का अंतिम संस्कार किया और उन्हें नम आंखों से विदाई दी इस अवसर पर सिंगोड़ी ग्राम के दर्जनों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## दीपावली से पहले बुझ गए दो घरों के चिराग

# रेत से भरे डंपर की ठोकर से दो युवकों की दर्दनाक मौत

### महाराष्ट्र के गोरेगांव थानांतर्गत मुंडीपार-मुरदोली की घटना



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** दीपावली की खुशियों से पहले बाघाटोला गांव में मातम छा गया है। दीवाली त्यौहार मनाने महाराष्ट्र के नागपुर से अपने घर लौट रहे लांजी तहसील के बहेला थानांतर्गत ग्राम बाघाटोला निवासी दो युवकों देवेंद्र उईके 38 और दिनेश पंद्रे 36 की रेत से भरे डंपर से टकरा जाने से दर्दनाक मौत हो गई है। जिन घरो के बुजुर्गों को अपने बुढ़ापे के सहारों के त्यौहार में आने की खुशियां थी, वहां अब सिर्फ सिसकियां सुनाई दे रही हैं। दोनो युवकों के माता-पिता, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। जानकारी अनुसार दोनों युवक देवेंद और दिनेश महाराष्ट्र के नागपुर में सेंट्रिंग का काम करते थे और दीपावली पर्व मनाने अपने घर बहेला थानांतर्गत ग्राम बाघाटोला लौट रहे थे। 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास महाराष्ट्र के गोरेगांव थानांतर्गत मुंडीपार-मुरदोली के जंगल रास्ते में रेत से भरे डंपर से टकरा गए और मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। स्थानीय पुलिस द्वारा डंपर को गोरेगांव थाना में खड़ा कर दिया गया है और दोनों युवकों के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों युवकों की त्योहार से पूर्व मौत ने गांव में सन्नाटा पसरा है और मातम छाया हुआ है। इस भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले देवेंद्र उईके के दो बेटे हैं जिनमें बड़ा बेटा 12 साल और दूसरा बेटा 9 साल है जबकि मृतक दिनेश पंद्रे के भी दो बच्चे हैं जिसमें 8 साल का बेटा और 1 महीने की बेटी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और डंपर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा।

## रंगोली और पारंपरिक परिधानों से सजी दिवाली

# निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी में भव्य दिवाली उत्सव का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी। निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी में धनतेरस के अवसर पर एक भव्य दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर विभिन्न रंगोली बनाकर इस अवसर को खास बनाया। छात्रों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक भारतीय परिधान में उपस्थित होकर दिवाली की खुशियों का जश्न मनाया।**

कार्यक्रम में छात्रों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे माहौल और भी खुशनुमा बन गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दीपक बनाना, रंग-बिरंगी कला और शिल्प कला का प्रदर्शन किया। निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी के निदेशक प्रणय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ₹अच्छे कर्म, दयालुता और सकारात्मकता ही जीवन के सच्चे दीये हैं - इन्हें प्रतिदिन जलाएं।₹ उन्होंने कहा कि दिवाली बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में, छात्रों को उपहार एवं दीपक, मिठाईयां एवं पटाखों के साथ दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में सकारात्मकता और उत्साह का संचार होता है, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय समुदाय का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कई स्थानीय व्यवसायियों ने इस अवसर पर संस्थान को सामग्री दान की, जिससे कार्यक्रम की तैयारी को सरलता मिली। संस्थान के सदस्यों ने सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी ने भविष्य में भी ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। उनका उद्देश्य है कि वे छात्रों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भी सशक्त बनाएं। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्य विकसित होंगे।

# खुर्शीद अंसारी बालाघाट महिला कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक नियुक्त

बालाघाट। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत महिला कांग्रेस के जिला स्तर पर नई टीम गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने महाकौशल संभाग की वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेता एवं जबलपुर निवासी श्रीमती खुर्शीद अंसारी को बालाघाट जिले के लिए जिला पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। श्रीमती अंसारी जिले में महिला कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति का मूल्यांकन करेंगी और कार्यकर्ताओं से राय-सुमारी कर नए जिला अध्यक्ष के चयन हेतु अपनी अनुशंसा प्रदेश नेतृत्व को प्रेषित करेंगी। वे शीघ्र ही बालाघाट जिले का भ्रमण कर वरिष्ठ पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगी। महिला कांग्रेस संगठन में यह पहल नए उत्साह और सक्रियता को बढ़ाने वाली मानी जा रही है।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा की बैठक में दिवंगत एस.एल.रंगारे जी पूर्व जिलाध्यक्ष बालाघाट को दि गई भावभीनी श्रद्धांजलि

## अशोक कुमार मेश्राम प्रभारी जिलाध्यक्ष मनोनीत





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

19 अक्टूबर को धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट की आवश्यक बैठक आयोजीत कर संस्था द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष दिवंगत एस.एल.रंगारे जी माजी श्रामणेर बौद्धाचार्य को भावभीनी आदरांजलि दि गईं।यह बैठक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे जी के मुख्य आतिथ्य में,खुशियाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में,इस बैठक मे विशेष अतिथि के रूप में मप्र राज्य शाखा के हेमलता ताई डोंगरे उपाध्यक्ष,आर.के कटाने सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र,प्रमिला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष एवं विभिन्न तहसील नगर,ग्राम शाखा के पदाधिकारि यों की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुई।बैठक का मंच संचालन अभिराज मेश्राम महामंत्री वारासिवनी द्वारा किया गया था,सर्वप्रथम उपस्थित सभी ने पदाधिकारियों ने दिवंगत रंगारे जी को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनके द्वारा किए गए कार्यों की स्मृतियां याद की।इस अवसर पर मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे जी ने बताया कि रंगारे जी अपने परिवार,धम्म संस्था एवं संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रति समर्पित थे,शिलवान,निष्ठावान थे,उनकी सम्यक वाणी,सम्यक दृष्टि,सबके प्रति समानता का भाव सभी को आकर्षित करता था। उन्होंने परिवार के सभी बच्चों को धम्म के अनुसार संस्कार दिए। मप्र सचिव कटाने जी न बताया कि रंगारे जी के द्वारा जिले में धम्म संस्था के माध्यम से गांव गांव सभी तहसीलों धम्म कार्य गतिमान करने योजना के अनुसार निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।ढ़ेंगरे जी ने रंगारे जी के निधन से जिलाध्यक्ष बालाघाट के रिक्त पद पर उन्हीं की परछाई के जैसे शीलवान साथी अशोक कुमार मेश्राम जी जिला सचिव एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष शहडोल की नियुक्ति की,इसके अलावा जिला आडिटर अशोक कुमार गेडाम,तहसील बालाघाट उपाध्यक्ष योगराज ऊके,बालाघाट नगर संगठक किशोर कुमार भीमटे एवं विकास मेश्राम जी की नियुक्तियां की,इस श्रद्धांजलि सभा की बैठक में दिवंगत रंगारे सर के बड़े बेटे इंजी.आदर्श रंगारे, छोटे बेटे इंजी.विकल्प रंगारे, दामाद इंजी.एस.के.नरांजे भिलाई,तहसील शाखा से आर. डी बांसोड अध्यक्ष वारासिवनी,कैलाश भोरजार अध्यक्ष खैरलांजी,बौद्धाचार्य हरिचंद गौरकर उपाध्यक्ष किरनापुर, आर.डी.देशभरतार बैहर(जिला सचिव),आयुनि.साधना ताई ढेंगरे केंद्रीय शिक्षिका,आयनी.सुधा मेश्राम नगर अध्यक्ष,शीतल खोबरागड़े (कावड़े) महामंत्री,सुषमा रावडे सचिव,देवानंद रंगारे जिला उपा.पी.आर.चोरे सचिव,आनंद वैध संगठक,तिलपेवाड़ा अध्यक्ष एम एल मेश्राम, रटापायली अध्यक्ष देवेंद्र रंगारे आदी साथीगण उपस्थित थे।

## सम्राट दुर्गा उत्सव समिति ने वितरण किया ड्रा के पुरस्कार

# मातारानी के आशीर्वाद स्वरुप उमेश को मिली स्कूटी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सम्राट दुर्गा उत्सव समिति वारासिवनी द्वारा गुरूवार को नगर के आम्बेडकर भवन में ईनामी कूपन ड्रा के पुरस्कारों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति द्वारा ड्रा के भाग्यशाली लोगों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

सम्राट दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष निहार पटले ने बताया कि ड्रा में निकाले गए कूपन के अनुसार प्रथम पुरस्कार सुजुकी जिक्सर बाईक कूपन नम्बर 32592 का निकला है, लेकिन अभी तक प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेता का पता नहीं है, वहीं द्वितीय पुरस्कार सुजुकी एक्सेस ड्रम स्कूटी कूपन नम्बर 43040 निकला था, तो वारासिवनी नगर के वार्ड नं 09 निवासी एलआईसी एजेंट उमेश भवरे के पास मिली, जिन्हें माता रानी के आशीर्वाद स्वरूप स्कूटी की चाबी समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सौंपी गई।

उन्होंने बताया कि ड्रा का षष्टम पुरूस्कार 5 नग कूलर मनीष खंडेलवाल, जितेन्द्र व्यास, जितेन्द्र राठौर, राकेश मुरकुटे व अमन कामडे का प्राप्त हुआ, जिन्हें समिति द्वारा प्रदान किया गया हैं। इसके अलावा तृतीय पुरस्कार एलसीडी हायर 43 इंच कूपन नम्बर 32140, चतुर्थ पुरस्कार फ्रीज हायर 180 लीटर कूपन नम्बर 32498 एवं पंचम पुरस्कार वाशिंग मशीन कूपन नम्बर 44586 के नाम निकला है।

इनके अलावा सप्तम पुरस्कार में 10 नग मिक्सर कूपन नम्बर 37375, 48740, 22397, 57379, 12924, 46888, 48187, 23090, 53112, व 32994, अष्टम पुरस्कार 20 नग इलेक्ट्रिक प्रेस कूपन नम्बर 13496, 23496, 33496, 43496, 12104, 22104, 32104, 42104, 11808, 21808, 31808, 41808, 15059, 25059, 35059, 45059, 19209, 29209, 39209, 49209 तथा सांत्वना पुरस्कार कूपन के अंतिम तीन अंको 186, 151, 036 व 090 वाले भाग्यशाली विजेताओं को प्रदान किए जायेगे। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा कुल 27000 इनामी कूपन छापे गए थे और कुल 151 पुरस्कार रखे गए है। जिसका ड्रा 9 अक्टूबर को प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम के दौरान निकाला गया था। अभी तक प्रथम पुरूस्कार सहित अन्य पुरूस्कारों के भाग्यशाली व्यक्ति पुरस्कार लेने के लिए नहीं पहुँचे है। समिति ने इन भाग्यशाली व्यक्तियों से अपील की है कि उन्होने जहॉ से भी कूपना खरीदा हैं, उनसे संपर्क कर समिति के माध्यम से अपना ईनाम ले जावे।

कहते है वक्त और नसीब से बढक़र कभी किसी को कुछ नहीं मिला, जब जिसका समय होगा, ईश्वर उसे खुद ही दे देता हैं। जिस उमेश भॅवरे को माता रानी के आशीर्वाद स्वरुप स्कूटी मिली हैं, उसने मात्र 10 कूपन खरीदे थे, लेकिन उसमें से एक कूपन ऐसी निकली, जिसने उसके भाग्य में एक लाख 7 हजार रुपये कीमत की स्कूटी दिलवा दी। स्कूटी की चाबी मिलने पर उमेश बेहद खुश और प्रसन्न नजर आए, उन्होंने इसे माता रानी का आशीर्वाद माना।

# अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में






सिवनी

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वाले 03 अभियुक्तगणो के विरूध्द कार्यवाही की गई । दिनांक 18/10/2025को करीब 17:30 बजे में मुखबीर सूचना पर मडई टोल टेक्स के आगे एनएच 44 रोड थाना लखनादौन में हुंडई i-10 कार क्रमांक MH 19 AP 5888 को घेराबंदी कर 03 अभियुक्तगणो से एक देशी पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस के जप्त कर , तीनो अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर , आरोपियो के विरूध्द धारा 25(1-AA),27,35 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर कार्यवाही की गई है । अभियुक्तगण :- 1 पंकज सार्वे पिता रमेश सार्वे उम्र 47 साल निवासी खातरोड थाना भंडारा महराष्ट्र , 2. आशीष पिता चन्दरकांत कोल्हे उम्र 44 साल निवासी मकान नंबर 373 कोचे गैस ओम शिवनगर व्हीटीसी खोकुरला जिला भंडारा महाराष्ट्र , 3.अरविन्द पिता केशोराव वानखेडे उम्र 35 साल निवासी मक्का टोला तह0 सालेकसा जिला गोदिंया महाराष्ट्र जप्त संपती :- एक देशी पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस एवं हुंडई i-10 कार क्रमांक MH 19 AP 5888 सराहनीय कार्य :- निरीक्षक के0पी0 धुर्वे, सउनि महेन्द्र उइके, आरक्षक 302 लखनलाल उइके, 813 दीपेश मेहरा , आर 689 ओ.पी. धुर्वे

## संभागीय उड़नदस्ता दल ने गेहूं का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रकों को पकड़ा




**सिवनी/कुरई** : संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड, आंचलिक कार्यालय जबलपुर के निर्देश पर संभागीय उड़नदस्ता दल ने रविवार 18 अक्टूबर को जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत खवासा स्थित मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय सीमा पर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान दल ने अधिसूचित कृषि उपज (गेहूं) का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रकों को पकड़ा। दल ने दोनों वाहनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए कृषि उपज मंडी समिति सिवनी को सुपुर्द किया। मंडी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई में वाहन क्रमांक MH 34 AB 9614, पाटन से नागपुर जा रहा था, जिसमें 255 क्विंटल गेहूं पाया गया। इस पर 46,305 का जुर्माना वसूला गया। वाहन क्रमांक RJ 11 GC 0249, शाहपुरा से नागपुर की ओर जा रहा था, जिसमें 180.65 क्विंटल गेहूं परिवहन हो रहा था। इस पर 34,384 की राशि वसूल की गई। दोनों रकम मंडी खाते में जमा कराई गई हैं। प्रशासन पर उठे सवाल स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों की अनभिज्ञता और लापरवाही के चलते मंडी क्षेत्र में अवैध अनाज परिवहन का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं, जबलपुर से पहुँची उड़नदस्ता टीम की इस लगातार कार्रवाई ने मंडी प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन समारोह 22 को

**सिवनी।** जबलपुर रोड लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में 22 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे से अग्रवाल समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन उत्सव मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से भगवान गोबर्धन का सामूहिक पूजन कर भोग लगाया जाएगा। साथ ही बड़े बुजुर्गो का आर्शीवाद लेकर दीपोत्सव की खुशियों का साझा किया जाएगा। इस दौरान भवन परिसर में स्थापित भगवान लक्ष्मी नारायण का विशेष पूजन अर्चन कर उन्हें भोग लगाया जाएगा। समिति ने सभी सामाजिकजनों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### अपर कलेक्टर ने फटाका दुकानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सिवनी।** दीपावली पर्व के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं नियमों के पालन की स्थिति जानने हेतु अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप द्वारा आज छिंदवाड़ा बायपास के निकट स्थापित फटाका दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से आवश्यक अनुमति, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, अग्निशमन यंत्र, रेत एवं पानी की व्यवस्था सहित निर्धारित दूरी के पालन संबंधी जानकारी ली। श्री चनाप ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना अनुमति के कोई भी दुकान संचालित न हो तथा सभी दुकानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### घंसौर एवं लखनादौन में प्रेक्षक का दौरा, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की गति पर जताई संतुष्टि

**सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री राजेश कोल ने आज घंसौर एवं लखनादौन विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न दावा-आपत्ति केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने दावा-आपत्ति पंजी, मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया और नागरिकों की भागीदारी की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जाएं और त्रुटियों को शीघ्र सुधारा जाए। प्रेक्षक श्री कोल ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य निर्वाचन की पारदर्शिता और विश्वसनीयता का मूल आधार है। उन्होंने अधिकारियों के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही यह भी कहा कि कार्य में गंभीरता, निष्पक्षता और समयबद्धता बनी रहनी चाहिए ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### कचरा हो जाने से प्रतिदिन दुर्घटनाएं घट रही

**कान्हीवाड़ा।** सिवनी से मंडला मार्ग भारी मात्रा में दोनों और कचरा हो जाने से प्रतिदिन दुर्घटनाएं घट रही हैं इस विषय को लेकर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एम नईम खान ने एमपी आरडीसी छिंदवाड़ा एवं जिला कलेक्टर महोदय सिवनी से ज्ञापन प्रेषित आग्रह किया है कि इस सड़क पर भोमा कटिया के बीच बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से प्रतिदिन दुर्घटनाएं घट रही हैं विशेष कर दो पहिया वाहन नहीं चल पा रहे हैं एवं सड़क के दोनों और अधिक मात्रा कचरा होने से आने जाने वालों को साफ दिखाई नहीं देता विशेष कर रात के समय जानवरों की आवाज आई बिल्कुल ही नजर नहीं आती जिससे दुर्घटनाएं घट रही समय रहते हुए इस पर तत्काल कार्रवाई करने का वरिष्ठ इंका नेता ने आग्रह किया और ज्ञापन प्रेषित किया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में पोषण, एनीमिया एवं योग-शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**सिवनी।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा वेलनेस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य जागरूकता एनीमिया से बचाव व योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने हेतू जाकरकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वाथ्य मन स्वस्थ्य तन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया इस आयोजन के शुभारम्भ मै प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, डॉ श्याम सिंह राहँगडाले, डॉ राकेश चौरासे, कि गरिमामयी उपस्थिति मै हुआ कार्यक्रम मै उपस्थित छात्र छात्राओं को मानसी पलागर द्वारा प्रमुख जानकारिया दी गईं जिसमे पोषण का महत्व संतुलित आहार से शरीर को आवश्यक ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता मिलती है। एनीमिया के कारण और लक्षण खून में हीमोग्लोबिन की कमी से थकान, कमजोरी, चक्कर जैसे लक्षण होते हैं. एनीमिया से बचाव के उपाय - आयरन युक्त आहार, विटामिन ष्ट, नियमित ढ्ढस्न्न टैबलेट और कृमिनाशक दवा का सेवन करने कि सलाह दी उक्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के सी राउर के सी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व आयुष मंत्रालय के निर्देशन में एवं जिला चिकित्सालय सिवनी के सहयोग से महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य व स्वास्थ के प्रति जागरूक करते हुए देश के अच्छे नागरिक बनाने की पहल से उमंग उच्च शिक्षा वेलनेस प्रोगाम संचालित है जिसमें समय समय विभिन गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है पहले भी फ्री मेडिकल चेकअप के माध्यम से विद्यार्थियों के खून,एनीमिया,केल्सियम,एच बी, सुगर टेस्ट सहित शरीर को स्वस्थ रखने को लेकर कार्यक्रम अयोजित किये जा चुके है साथ इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को योग एवं शारीरिक गतिविधियों की भूमिका व उसके प्रभाव के लाभ बताये सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन जैसे आसनों से रक्त संचार बढ़ता है और शरीर मजबूत बनता है।

किशोरियों के लिए सुझाव पौष्टिक भोजन लें, जंक फूड से बचें, नियमित व्यायाम करें और तनाव से दूर रहें। सरकारी योजनाएँ राष्ट्रीय पोषण अभियान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, और क्रयस्य कार्यक्रम की जानकारी दी गई। संदेश दिया गया - स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और उज्जवल भविष्य बसता है, इसलिए सभी मिलकर पोषणयुक्त एवं एनीमिया मुक्त भारत बनाएं। उपस्थित जनो से इस जागरूकता कि पहल मै सभी जुड़कर लाभान्वित होने कि बात कही कार्यक्रम में महाविद्यालय से,डॉ प्रतिभा गुप्ता,डॉ सविता मसीह, प्रो रचना सक्सेना,डॉ जोत्सना नावकर, डॉ ज्योति गजभिये, प्रो गणेश मंतारे, प्रो के के बरमैया सहित छात्र छात्राओं व कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्तिथि रही।

## धू धू कर जला कंटेनर आमाझिरिया के समीप की घटना



सिवनी

जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाझिरिया ग्राम के समीप देर रात एक खड़े कंटेनर में आग लग गई जिसके कारण कंटेनर धू धू करके जल गया। घटना की जानकारी लोगो ने पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और आग को फायरब्रिगेड की मदद से बुझाने का प्रयास किया गया। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि एक खड़े कंटेनर में आग लग गई है मौके पर जाकर देखा तो कंटेनर जल रहा था। तुरंत दमकल वाहन को बुलाकर आग को बुझाने गया,इस हादसे में कोई जनहानि नही हुई। कंटेनर खाली था आग किन कारणों से लगी इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस स्थान में यह घटना घटी वहां लोगो का व वाहनों का आना जाना अधिक होता है है घटना के समय यदि लोग या अन्य वाहन मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## खड़े कंटेनर में लगी आग दो बाइकों की आपस में भिडंत 2 घायल

### बालपुर और मेहता के बीच की घटना

सिवनी

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बालपुर और मेहता के बीच सुबह लगभग 9 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जहां 2 बाइको की आपस मे भिंडन्त हो गई इस हादसे में बाइक सवार जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गए,जिन्हें हाथ पैर,सिर तथा शरीर के अन्य अंगों में चोटे आई है। जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार घंसौर से कहानी तरफ जा रहा ठौर दूसरा बाइक सवार मेहता तरफ से घंसौर आ रहा था ,जब वह बालपुर और मेहता के बीच पहुंचे तो दोनों बाइको की आपस में टक्कर हो गई। जिसके कारण दोनों गंभीर घायल हो गए,घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस और एम्बुलेंस में दी जिसके बाद एम्बुलेंस में स्थानीय लोगो को मदद से घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुयव डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया।







## डॉक्टर हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे-मनोज अग्रवाल

सिवनी ।






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। उन्होंने ब्रिटेन की महारानी के जन्मदिन के अवसर पर बांटी जाने वाली मिठाई को कूड़े दान में फेंक दिया था।वंदे मातरम का जय घोष करने पर उन्हें विद्यालय से निष्कासित होना पड़ा । उनके बाल्य काल की अनेक छोटी छोटी घटनाओं से पता चलता है कि वे जन्मजात देशभक्त थे उन्होंने देश की आजादी के लिए चलने वाले आंदोलन में भाग लिया और जेल गए। कालांतर में इसी देशभक्ति का परिणाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के रूप में परिलक्षित हुआ। उक्त आशय के विचार राजपूत कॉलोनी टैगोर वार्ड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह अवसर पर आयोजित स्वयंसेवक एकत्रीकरण एवं पथ संचलन कार्यक्रम के अवसर पर संघ के जिला कार्यवाह श्री मनोज अग्रवाल द्वारा व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी का बोध, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों का पालन जैसे पांच करणीय कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन कर राष्ट्र को उन्नत करने का आह्वान किया है। संघ की 100 वर्ष की यात्रा के दौरान सबसे पहले संघ की अवहेलना (उपेक्षा )की गई फिर प्रखर विरोध किया गया प्रतिबंध लगाए गए और अब लेकिन अब अपेक्षा का काल है। समाज और राष्ट्र को संघ से बहुत अपेक्षाएं हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति एग्जीक्यूटिव इंजीनियर श्री आर के ठाकरे एवं नगर संघ चालक श्री संदीप गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर स्वयंसेवकों द्वारा घोष(बैंड) के साथ वार्ड की प्रमुख गलियों में पथ संचलन भी किया गया। इस दौरान वार्ड के राष्ट्रभक्त नागरिकों एवं मातृ शक्तियों द्वारा जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर भारत माता की जय के नारे लगाए गए।।

### सरकार की साख पर गहरी चोट है- मोहन सिंह चंदेल

**सिवनी ।** विगत आठ एवं नौ अक्टूबर की दरमियानी रात को एक हवाला कारोबारी से तत्कालीन एसडीओपी श्रीमती पूजा पांडे एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा लगभग 3 करोड़ की राशि की लूट कर ली गई थी। सिवनी प्रेस जगत के कुछ जागरूक साथियों ने अपनी सजग प्रहरी की भूमिका निभाते हुए इस घटना को उजागर किया। मैं प्रेस के साथियों की सराहना करता हूं। अभी इस घटना की जांच चल ही रही थी कि आज पुनः एक हवलदार द्वारा रिपोर्ट लिखने के एवज में पांच लाख रुपए की मांग की गई एवं 75000 पचहत्तर हजार रुपए की राशि लेते हुए लोकायुक्त द्वारा रंगे हाथ पकड़े जाने की खबर पढ़ने को मिली। इन दोनों घटनाओं से सवाल उठता है कि क्या सिवनी की पुलिस निरंकुश हो गई है। या फिर सरकार अपनी अक्षमता के कारण व्यवस्था पर ठीक से नियंत्रण नहीं कर पा रही है या फिर सरकार ने ही पुलिस को लूट की खुली छूट दे दी है।


















### फोर व्हीलर वाहनों के बाजार में प्रवेश पर रोक

# दीपावली को लेकर यातायात विभाग ने की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में दीपावली के त्योहार को देखते हुए यातायात विभाग ने एक एडवाइजरी जारी की है। त्योहार की खरीदारी के कारण बाजारों में धनतेरस से ही भीड़ बढ़ गई है। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए मुख्य सड़क पर चौपहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

यातायात प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि दीपावली के दिन सुबह से देर रात तक काली पुतली चौक से इतवारी गंज तक चौपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। यह प्रतिबंध भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाया गया है।



इसके अतिरिक्त, सभी चौराहों पर यातायात कर्मियों को तैनात किया जाएगा ताकि आम लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन कर्मियों का मुख्य उद्देश्य यातायात प्रवाह को सुचारु बनाए रखना होगा।

दरअसल, काली पुतली चौक से इतवारी गंज तक की मुख्य सड़क पर अधिकांश दुकानें स्थित हैं, जिसके कारण दीपावली के दौरान यहां सबसे अधिक भीड़ होती है। वाहनों की आवाजाही से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, खासकर संकरी सड़कों पर चौपहिया और दुपहिया वाहनों के एक साथ आने से यातायात बाधित होता है।

यातायात प्रभारी दिनेश तिवारी ने यह भी बताया कि त्योहारों पर लगने वाली फुटकर दुकानें अक्सर सड़कों तक फैल जाती हैं, जिससे यातायात की समस्या और बढ़ जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए यातायात विभाग, नगरपालिका के साथ मिलकर बाजार में लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित करेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुकानें सड़क से पर्याप्त दूरी पर रहें और लोगों को यातायात में असुविधा न हो।

### प्रशासन पहले परिवारों के लिए उचित स्थान सुनिश्चित करे: अनुभा मुंजारे

# नजूल भूमि पर बसे लगभग 60 परिवारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के नगरीय क्षेत्र वार्ड क्रमांक 23 में नजूल भूमि पर बसे लगभग 60 परिवारों को तहसील कार्यालय से नोटिस जारी किए गए हैं। दूध डेयरी और बिजली कार्यालय के सामने, आकाशवाणी मार्ग पर स्थित इन परिवारों को जगह खाली करने का निर्देश मिला है।

नोटिस मिलने के बाद सालों से यहां रह रहे परिवारों ने नोटिस वापस लेने की मांग की है। रविवार को कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ इन परिवारों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने निवासरत लोगों से चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनकी लड़ाई में उनके साथ हैं।

विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि तहसील कार्यालय की ओर से इन गरीब परिवारों को पेशी पर बुलाया जा रहा है।



उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इन्हें यहां से हटा दिया जाता है, तो ये कहां जाएंगे और कैसे अपना पुनर्वास कर पाएंगे। विधायक ने कलेक्टर से चर्चा कर इन परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

मुंजारे ने यह भी बताया कि चर्चा के दौरान यह जानकारी मिली है कि कुछ लोगों ने वर्तमान निवासियों को शासकीय भूमि बेची है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों का पता लगाकर उन पर कार्रवाई करने की मांग की। विधायक ने जोर दिया कि प्रशासन पहले इन परिवारों के लिए उचित स्थान सुनिश्चित करे, उसके बाद ही उन्हें हटाया जाए।

## जोड़ापाठ में एक बुजुर्ग महिला का शव नहर में मिला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र के कायदी जोड़ापाठ में एक बुजुर्ग महिला का शव नहर में मिला। रविवार सुबह शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

राहगीर भी यह दृश्य देखने के लिए रुक गए। इसी दौरान, गांव के एक युवक ने नहर में उतरकर महिला के शव को बाहर निकाला। इसकी सूचना तत्काल वारासिवनी पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही वारासिवनी पुलिस कायदी जोड़ापाठ पहुंची। पुलिस ने नहर से निकाले गए महिला के शव को अपने कब्जे में लिया और नगरपालिका के शव वाहन से वारासिवनी अस्पताल भिजवाया।



फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कहां की रहने वाली थी, नहर में कैसे गिरी, या उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंका गया है।

पुलिस ने बताया कि शव बरामद कर लिया गया है और उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

मृतका की पहचान होने के बाद ही मामले में आगे की जानकारी मिल पाएगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और शव की शिनाख्ती के लिए सभी थानों में रेडियो मैसेज भेज दिया है।

## मालखाना चोरी मामले में जुआरी विवेक से रू 13 लाख मिले

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट कोतवाली के मालखाने से चोरी हुए 55 लाख 13 हजार 100 रुपए में से पुलिस ने अब तक 53 लाख रुपए बरामद कर लिए हैं। शेष राशि की बरामदगी अभी बाकी है। हाल ही में सिवनी के जुएबाज विवेक श्रीवास्तव उर्फ लाला से 13 लाख रुपए जब्त किए गए।



रविवार शाम रिमांड अवधि समाप्त होने पर पुलिस ने आरोपी विवेक श्रीवास्तव उर्फ लाला, ऋतुराज मोहारे और हेमराज रनगिरे को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने ऋतुराज और हेमराज को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया, जबकि विवेक उर्फ लाला से आगे की पूछताछ के लिए एक दिन की पुलिस रिमांड और मंजूर की गई।

इस मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक ने महिला सेल डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यह दल अब पूरे मामले की विवेचना करेगा।

मालखाने से और कोई राशि गायब तो नहीं है, इसकी जांच जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मालखाने में रखे अपराध से जुड़े सभी जब्त सामानों की जांच की जा रही है।

पूर्व में 55 लाख 13 हजार 100 रुपए और जेवर गायब पाए गए थे, अब यह पता लगाया जा रहा है कि क्या और भी कुछ गायब है।

इस मामले में मालखाने से प्रधान आरक्षक राजीव पंद्रे के रुपए और जेवर गायब होने का खुलासा करने वाले थाना प्रभारी विजय राजपूत को सस्पेंड कर उनकी विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

## जिले की 56 आयुष संस्थाओं में होगा आयुष जन आरोग्य समिति का गठन

**बालाघाट।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम पंक्ति के लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित 56 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में आयुष जन आरोग्य समिति का गठन किया जाना है। इन समितियों का समीपवर्ती राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता भी खोला जाना है । जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधा आमजनो तक पहुंचाने के लिए समुदाय की भूमिका आवश्यक है, इसीलिए समुदाय की सहभागिता के उद्देश्य से आयुष जन आरोग्य समिति का गठन किया जा रहा है। इस समिति में 09 सदस्य होंगे। शहरी क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति के सचिव प्रभारी आयुष चिकित्सा अधिकारी होंगे। समिति में जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय शासकीय सेवकों को सदस्य मनोनीत किया जाएगा।जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद्र चौधरी ने बताया कि आयुष जन आरोग्य समिति का दायित्व आयुष संस्थाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में जन सहयोग एवं स्वयंसेवी संगठनों की मदद लेना तथा संबंधित शासकीय विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना हैं।

### बालाघाट जिले का नाम रोशन किया

## डॉ पूजा गोस्वामी नेपाल में शिक्षण में उत्कृष्टता अंतराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले की बेटी डॉ पूजा गोस्वामी को नेपाल में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर विश्व सम्मेलन में ₹शिक्षण में उत्कृष्टता₹ का अंतराष्ट्रीय पुरस्कार से संम्मानित किया गया । यह सम्मेलन 6 से 8 सितंबर 2025 के मध्य आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न देशों के वैज्ञानिक, शिक्षाविद और शोधकर्ताओं ने भाग लिया । डॉ पूजा गोस्वामी ने बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है और उनकी इस उपलब्धि से बालाघाट जिला गौरवांवित हुआ है और इससे जिले की बेटियों को आगे बढ़ने व पढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। डॉ पूजा गोस्वामी वर्तमान में राजा भोज कृषि महाविद्यालय बालाघाट में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है और विगत 10 वर्षों से कृषि शिक्षा एवं शोध के कार्य में अमूल्य सेवाए दे रही है। उनके द्वारा किए गए कृषि नवाचार एवं जलवायु परिवर्तन पर आधारित शोध कार्यो को अंतराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है एवं इस योगदान के लिए ₹शिक्षण में उत्कृष्टता₹ के इस प्रतिष्ठित सम्मान से नेपाल में संम्मानित किया गया।

### सांसद ने मिट्टी के दीप, झाड़ू और रंगोली की खरीदी की

## स्वदेशी को प्रोत्साहन देने सांसद श्रीमती पारधी ने ग्रामीण व स्थानीय कारीगरों से की खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने आज 19 अक्टूबर को बालाघाट नगर में ₹स्वदेशी अपनाओ₹ अभियान के तहत पारंपरिक दियों और स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी की औरस भी लोकसभा क्षेत्रवासियों को आयुष्य, स्वास्थ्य व ऐश्वर्य के पावन पर्व धनतेरस की आप हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि दीपोत्सव केवल एक पर्व नही बल्कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक सुनहरा अवसर भी है।स्थानीय लोगों से खरीदारी न केवल इस देश को सशक्त करने की दिशा में एक कदम है बल्कि यह अनेकों परिवारों की आजीविका और मजबूत करने का एक माध्यम भी है।



सांसद श्रीमती पारधी ने आम जन से आग्रह और अपील की है कि इस दीपावली पर अपने आस-पड़ोस, मोहल्ले और समाज के उन लोगों का भी ध्यान रखें, जिनकी खुशियाँ हमारी संवेदनशीलता से जुड़ी हैं। स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर, स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों का सहयोग करें— यही सच्चे अर्थों में राष्ट्रसेवा है। माता लक्ष्मी जी और भगवान धन्वंतरी जी सभी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

### भाईदूज पर लाड़ली बहनों के खातों में आएगी 250-250 रुपए की राशि

## गौशालाओं में पशुपालन विभाग द्वारा की जाएगी गोवर्धन पूजा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और इसमें आम जन व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी । पशुपालन और प्राकृतिक खेती स्वदेशी और समावेशी विकास की अवधारणा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आज 19 अक्टूबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सांसदों, विधायकों और अधिकारियों से यह बातें कही । वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि पशुपालन के माध्यम से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाना है और दुग्ध उत्पादन के मामले में मध्य प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाना है । प्रदेश सरकार ने सोयाबीन किसानों के लिए भावांतर योजना लागू की है । प्रदेश में पहली बार कोदो-कुटकी के समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार ने किसानों को 05 हार्स पावर तक के सोलर पंप लगाने के लिए 90 प्रतिशत अनुदान देने का निर्णय लिया है। फसल बीमा किसानों को क्राप कटिंग के आधार पर दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं । भाईदूज के त्यौहार पर प्रदेश सरकार लाडली बहनों के खाते में 250-250 रुपये की राशि जमा करने जा रही है। का निर्णय लिया है । मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि दीपावली त्यौहार के अवसर पर पटाखों के कारण कोई दुर्घटना न हो इसकी उचित व्यवस्था की जाए। स्वदेशी को प्रोत्साहन दिया जाए और गरीब परिवारों के बीच जाकर दीपावली का त्यौहार मनाया जाए।

### विधायक पटेल ने थानेगॉव व गर्रा में खेतों में लगी फसल का किया निरीक्षण

# धान की फसल में कीट, माहू व करपे का प्रकोप

### शासन से की फसल का सर्वे करवा कर मुआवजा देने की मॉग

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

**रुक रुक कर हो रही बारिश, समय पर खाद का नहीं मिलना और बाजार में बिक रही नकली खाद, बीज व दवाईयों के उपयोग के कारण किसानों की लगाई हुई फसल में कीटों, माहु, करपा के प्रकोप ने फसल को बरबाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। किसानों की खराब हो रही फसल को बचाने के लिए उपाय बताने के लिए कृषि विभाग का अमला भी मैदान में नजर नहीं आ रहा है। जिससे किसान बेहद परेशान है।**

किसानों की फसल कीट, माहु, करपा व अन्य बीमारियों से खराब होने की जानकारी मिलने पर वारासिवनी-खैरलॉजी विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम पंचायत थानेगॉव व गर्रा के किसानों के खेतों में पहुॅच कर फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेत में उतर कर फसल का मुआवना किया और फसल की बरबादी पर दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने का दावा करने वाली सरकार के नुमाइंदों का किसानों की ओर कोई ध्यान नहीं हैं। किसानों के खेतों की फसल में माहु, करपा, कीट लग चुके है, फसल खराब हो रही है। लेकिन उसको बचाने का उपाय बताने के लिए कृषि विभाग का कोई अधिकारी किसानों तक नहीं पहुॅच रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति पूरे बालाघाट जिले में है। हमारा बालाघाट जिला धान उत्पादक जिला हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को चाहिए कि वह किसानों तक जाये और उन्हें कीट, माहु व करपा से फसल को बचाने के उपाय बताये। इस वर्ष किसानों को समय पर खाद व दवाई भी नहीं मिल पाई है। जिसका असर भी फसल पर पड़ा है। कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तत्काल इन किसानों तक पहुॅचे और उनकी फसल को बचाने के तरीके बता कर उनका सहयोग करे। विधायक श्री पटेल ने शासन से मॉग की हैं कि वह किसानों की खराब हुई फसल का सर्वे करवा कर उन्हें तत्काल मुआवजा प्रदान करे। ग्राम थानेगॉव व गर्रा में फसलों के निरीक्षण के दौरान विधायक श्री पटेल के साथ सिकन्द्रा पंचायत के पूर्व सरपंच राजकुमार चौधरी सहित किसानगण मौजूद रहे।



### श्रेणी क में मौली कनौजे, ख में कामिनी सिंहमारे एवं ग में आंचल चौधरी रही प्रथम

## जिला स्तरीय रंगोली एवं श्री राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विगत दिनों संस्कार भारती संस्था द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम संस्था द्वारा घोषित किए गए हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में 9 सदस्य सम्मिलित थे। रांगोली प्रतियोगिता के घोषित परिणामों अनुसार कक्षा 8 वीं से 10 वीं श्रेणी क में प्रथम स्थान सेंट विद्या सागर कांवेंट की कुमारी मौली कनौजे की आपरेशन सिंदूर को, द्वितीय स्थान संदीपनी विद्यालय वारासिवनी की कुमारी खुशी नगपुरे की रंगोली स्वदेशी अपनाओ को, तृतीय स्थान इंदिरा मेमोरियल कांवेंट की कुमारी शिवानी राउत की रंगोली हमारी संस्कृति हमारी विरासत को एवं सांत्वना पदक हेतु गांधी विद्या मंदिर की कुमारी परिधि बिसेन को चुना गया। इसी क्रम में श्रेणी ख कक्षा 11 एवं 12 के अंतर्गत प्रथम स्थान कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी की कुमारी कामिनी सिंहमारे, द्वितीय सैनिक एकेडमी मेंहदीवाड़ा की कुमारी अंजली मातरे, तृतीय पर कैरियर स्कूल वारासिवनी की कुमारी कनक कटारे की रंगोली को मिला। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र श्रेणी ग मुक्त श्रेणी की रंगोलियां थीं। जिनमें पूर्व विजेता रह चुकी कटंगी की कुमारी आंचल चौधरी की बालाघाट के दर्शनीय स्थल दर्शाने वाली रंगोली को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर कटंगी के ही छात्र अनुराग झामडारे की हमारी संस्कृति को एवं तृतीय स्थान बालाघाट की श्रीमती सीमा उपलपवार की आकर्षक रंगोली भारतीय संस्कृति को मिला। सांत्वना पुरस्कार हेतु लालबर्रा के कलाकार योगेन्द्र मातरे के आपरेशन सिंदूर ने प्राप्त किया। विशेष पदक हेतु कुमारी लेषांशी कुशराम एवं रिशांत लिमजे को निर्णायक मंडल ने चुना। उल्लेखनीय है कि विगत 17 वर्षों से लगातार संस्कार भारती द्वारा इस जिला स्तरीय विशाल रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें प्रथम पुरस्कार 2000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1500 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1001 रुपये नगद प्रदान कर आकर्षक प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है।

